PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक। 645 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ई0डब्लू–4 दिनांक : 30.09.2022

कार्यालय ज्ञाप

02, अक्टूबर, 2022 "गांधी जयन्ती" के शुभ अवसर पर कारपोरेट मुख्यालय, "विद्युत भवन" माजरा, देहरादून के प्रांगण में **प्रातः 8:00 बजे** राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा एवं परम पूज्य गांधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा तथा उसके बाद गांधी जी के जीवन–संघर्ष, उनकी देश–सेवा, उनके जीवन–मूल्यों पर प्रकाश डाला जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" माजरा, देहरादून के समस्त कार्यालयों / अनुभागों में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी मुख्यालय पर एकत्रित होकर भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा कोरोना वायरस (Covid-19) के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेशों / निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा भौतिक दूरी (Physical Distancing) मास्क एवं सेनिटाईजर आदि का प्रयोग करना सुनिश्चित करेंगे।

थर्मल स्कैनिंग एवं सेनिटाईज आदि किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए कार्मिक कारपोरेट मुख्यालय भवन माजरा, देहरादून के प्रांगण में **दिनांक 02, अक्टूबर, 2022 को प्रातः 7.30 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करें,** जिससे थर्मल स्कैनिंग आदि समयान्तर्गत किया जा सके। उक्त व्यवस्था अधिशासी अभियन्ता, मुख्यालय भुगतान ईकाई द्वारा शासन एवं कारपोरेशन के आदेशों के अनुसार की जायेगी।

अतः इस अवसर पर सभी अधिकारियों / कर्मचारियों / संविदा कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांकः। 645 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ई0डब्ल्यू–4 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव / निजी सहायक / डाटा एन्ट्री आपरेटर–निदेशक (मा0सं0) / (वित्त) / (परियोजना) / (परिचालन) को निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता / महाप्रबन्धक, पिटकुल मुख्यालय, देहरादून।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता / उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल मुख्यालय, देहरादून।
5. अधिशासी अभियन्ता, मुख्यालय भुगतान ईकाई, पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल मुख्यालय, देहरादून।
7. समस्त सुरक्षा गार्ड, पिटकुल मुख्यालय, देहरादून।
8. सूचना पट।

(ए0के0 जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0) (औ0)